उत्तराखंड को मिला साहसिक पर्यटन में सर्वश्रेष्ठ राज्य का पुरस्कार

चर्चा में क्यों

18 दिसंबर, 2023 को गुजरात के केवडिया में आयोजित कार्यक्रम में एडवेंचर टूर ऑपरेटर्स एसोसिएशन आफ इंडिया (एटीओएआई) की ओर से उत्तराखंड को साहसिक पर्यटन में सर्वश्रेष्ठ राज्य का पुरस्कार प्रदान किया गया।

प्रमुख बिंदु

- विदित हो कि साहसिक पर्यटन में नई पहल और प्रोत्साहन को देखते हुए उत्तराखंड को श्रेष्ठ राज्य का पुरस्कार दिया गया है। कार्यक्रम में उत्तराखंड के पर्यटन सचिव सचिन कुर्वे ने यह पुरस्कार प्राप्त किया।।
- इस अवसर पर सचिव सचिन कुर्वे ने कहा कि पिछले एक साल में उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद ने राज्य को देश के अग्रणी साहसिक पर्यटन राज्य के रूप में विकसित करने की दिशा में उल्लेखनीय काम किया है।
- टिहरी झील में पहली बार पैराग्लाइडिंग एक्रो फेस्टिवल का आयोजन किया गया। जिसमें 26 देशों के 54 पायलटों ने भाग लिया। इसके अलावा देश में जायरोकॉप्टर से एयरो सफारी की शुरुआत उत्तराखंड से की गई है।
- सचिव ने बताया कि गंगा के अलावा रिवर राफ्टिंग व क्याकिंग के लिये शारदा, अलकनंदा, टौंस, भागीरथी नदी में ऑपरेटर शुल्क में छूट दी गई है। इससे रोज़गार के नए अवसर मिलेंगे।
- उन्होंने बताया कि साहसिक पर्यटन के लिये रिवर राफ्टिंग एवं क्याकिंग, एयरो स्पोर्ट्स, ट्रैकिंग, वोट पैरासेलिंग की नियमावली तैयार की जा रही है।
- राज्य में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिये प्रदेश सरकार का तीर्थाटन के अलावा साहसिक पर्यटन पर फोकस है। रिवर राफ्टिंग, पैराग्लाइडिंग, एयरो स्पोर्ट्स, पर्वतारोहण, ट्रैकिंग में उत्तराखंड में काफी संभावनाएँ है।
- राज्य सरकार प्रदेश को साहसिक पर्यटन का डेस्टिनेशन बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है। इसके लिये नई पर्यटन नीति में साहसिक गतिविधियों व सेवाओं के लिये शत प्रतिशत सब्सिडी का प्रावधान किया गया।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/uttarakhand-got-the-best-state-award-in-adventure-tourism